CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

॥ श्री राघवेन्द्राय नमः ॥

卐

श्रीमन्महाभारतान्तर्गत

शुक-विरक्ति



स्वामी श्री रामदत्तजी पर्वतीकर

श्री राघवेन्द्र स्वामी मिशन, बम्बई-६

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

॥ श्री राघवेन्द्राय नमः ॥

卐

श्रीमन्महाभारतान्तर्गत

शुक - विरक्ति

स्वामी श्री रामदत्तजी पर्वतीकर

श्री राघवेन्द्र स्वामी मिशन, बम्बई - ६

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रकाशक —
श्री राघवेन्द्र स्वामी मिशन
C/o श्री गोवर्धनदास के वोरा जे. पी.
६८, रूँगटा हाउस,
बम्बई - ६.

* * *

मुद्रक — श्रीमती दुर्गाबाई शास्त्री, मैनेजिंग डायरेक्टर,
भारती प्रिंटिंग प्रेस,
भारती भुवन, १५१, इमली बाजार,
इन्दौर - ४ (म.प्र.)।

* * *

मूल्य रु. १ = २५ पै.

सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन सुरक्षित।

प्रथमावृत्ति,
सितम्बर १९७१ ई.।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

॥ श्रीः ॥

* भूमिका *

स्वसुखनिभृतचेतास्तद्व्युदस्तान्यभावोऽ
प्यजितरुचिरलीलाकृष्टसारस्तदीयम् ।
व्यतनुत कृपया यस्तत्त्वदीपं पुराणम्
तमखिलवृजिनघ्नं व्याससूनुं नमामि । (भाग. १२।१२।६८)

श्री शुकदेवजी महाराज अपने आत्मानन्द में ही निमग्न रहते थे । श्री मुरलीमनोहर श्यामसुन्दर की मधुमयी-मङ्गलकारिणी लीलाओं ने उनकी वृत्तियों को अपने में आकृष्ट कर लिया तथा उन्होंने संसार के प्राणियों पर अनुग्रह कर भगवत्-तत्त्व को प्रकाशित करनेवाले महापुराण श्रीमद्भागवत का विस्तार किया । मैं उन सर्वाघहारी व्याससूनु भगवान् श्री शुकदेवजी के चरणों में प्रणाम करता हूँ ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्री नारदजी ने भी शुकदेव को विरक्ति का उपदेश दिया। महाभारत के शान्तिपर्व (मोक्ष-धर्म-पर्व, क्षर-अक्षर-महिमा) अध्याय ३०९ में शुकदेवजी को वैराग्य उत्पन्न होने की कथा और अध्याय ३१०-३२० तक शुकचरित का वर्णन है। शुकदेव को ज्ञान सीखने के लिए मिथिला नरेश जनक के पास भेजा गया जहाँ उनकी कठिन परीक्षा ली गई और अन्त में उन्हें ब्रह्मज्ञान प्राप्त हुआ। इसे प्राप्त कर वे अपने पिता भगवान व्यास के आश्रम बद्रीनाथ गये। अध्याय २३९ में शुक ने आध्यात्म विद्या के विस्तृत वर्णन का प्रश्न किया। इस प्रकरण में आई आध्यात्म सामग्री का जैसे कोई अन्त ही न हो भगवान् व्यासजी ने शुकदेवजी से आध्यात्म विद्या का पुनः विस्तृत वर्णन किया। इस तरह २४ अध्यायों में शुकदेवजी के प्रश्न तथा भगवान् व्यास के उत्तर के रूप में प्रज्ञादर्शन आध्यात्म विद्या का वर्णन किया गया है। यह आध्यात्म योग और आस्तिकदर्शन का बहुत ही अच्छा और सारगर्भित उपदेश है।

इस विरक्ति वर्णन में गीता और उपनिषदों के सार भाव भी उपलब्ध होते हैं।

यह रचना श्री स्वामीजी श्री श्रीरामदत्तजी पर्वतीकर (वीणा महाराज) बदरिकाश्रम की अनुपम कृति है। श्री पर्वतीकरजी परम भागवत संत हैं। ये बहुत ही उच्चकोटि के वीणावादक, त्रिकाल सन्ध्योपासक परम भगवद्भक्त हैं। इनकी भाषा 'संतई' है, जो वर्तमान प्रचलित हिन्दी से भिन्न है।

महाराष्ट्र के प्राचीन भक्तों एवं महात्माओं की रचनाएँ प्रायः इसी भाषा में हुई है। यह भाषा बड़ी ही सुबोध एवं सरल है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्री महाराज ने समस्त श्रीमद्भागवत की इसी भाषा में काव्यात्मक रचना की है। इनके द्वारा प्रणीत "श्रीभाव-भगवद्गीता" नामक हिन्दी काव्य भी, जो गीता का अनुवाद है, बहुत प्रसिद्ध है। श्री शुकदेवजी का वर्णन इनकी रचना में —

तब शुकदेव तहाँ प्रकटे हैं आत्मानन्दी सुर सम रूप।
अवधूत ही स्त्री बाल सह घिरे स्त्रीमोहक स्मित सुन्दर रूप ॥ १ ॥

लखत उठे मुनि, प्रणाम पूजन कर नृप उन्हें बिठाते हैं।
तारों में शशिसम उनके पग सिर रख नृप अस कहते हैं ॥ २ ॥

यह सन्दर्भ 'श्री राघवेन्द्र स्वामी मिशन' की तरफ से प्रकाशित किया जा रहा है – श्री राघवेन्द्र स्वामीजी प्रह्लादजी के अवतार माने जाते हैं। उनकी बृन्दावन मन्त्रालय में इस प्रकार महिमा है —

पूज्याय राघवेन्द्राय सत्य-धर्मरताय च।
भजताम् कल्पवृक्षाय नमतां कामधेनवे ॥ १ ॥

आपादमौलिपर्यन्तम् गुरूणामाकृतिं स्मरेत्।
तेन विघ्नाः प्रणश्यन्ति, सिध्यन्ति च मनोरथाः ॥ २ ॥

यह परोपकारी संस्था है, इसमें सात्विकरूप से भक्तिवर्धक साहित्य संगीत एवं नये-नये आविष्कारों का प्रयोग किया जा रहा है।

आप महानुभावों से प्रार्थना है कि इसके सदस्य बनकर सहयोग करें।

वैद्य कन्हैयालाल भेडा
बम्बई-६

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्री राघवेन्द्र स्वामी मिशन, बम्बई.

सदस्यता शुल्क

१. संरक्षक	—	रु.	११११–००
२. आजीवन	—	रु.	१११–००
३. वार्षिक	—	रु.	११–००

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्री स्वामीजी की अन्य कृतियाँ

१. श्रीमद्भागवत-गान (दशमस्कन्ध)

२. श्रीमद्भागवत (संतई भाषा में) सम्पूर्ण

३. नादप्रभा

४. रागसुधा

५. ताल-सुधा

६. श्रीभाव-भगवद्गीता

७. बद्रीनाथ कीर्तन···आदि

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

॥ श्रीः ॥

卐 शुक-विरक्तिः 卐

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

युधिष्ठिर उवाच

कथं निर्वेदमापन्नः शुको वैयासकिः पुरा ।
एतदिच्छाम्यहं श्रोतुं परं कौतूहलं हि मे ॥ १ ॥

अव्यक्त-व्यक्त-तत्त्वानां निश्चयं बुद्धिनिश्चयम् ।
वक्तुमर्हसि कौरव्य देवस्याजस्य या कृतिः ॥ २ ॥

भीष्म उवाच

प्राकृतेन सुवृत्तेन चरन्तमकुतोभयम् ।
अध्याप्य कृत्स्नं स्वाध्यायमन्वशाद् वै पिता सुतम् ॥ ३ ॥

व्यास उवाच

धर्मं पुत्र ! निषेवस्व सुतीक्ष्णौ च हिमातपौ ।
क्षुत्पिपासे च वायुं च जय नित्यं जितेन्द्रियः ॥ ४ ॥

सत्यमार्जवमक्रोधमनसूयां दमं तपः ।
अहिंसां चानृशंस्यं च विधिवत् परिपालय ॥ ५ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कहे युधिष्ठिर

कहे युधिष्ठिर भीष्महि से "कस वैरागी शुकदेव बने ।
व्यासपूत का चरित्र सुनने मोय कुतूहल बहुत बने ॥ १ ॥

जन्म रहित नारायण का जो कार्य आपने जाना है ।
कार्य तथा कारण ब्रह्म ही आपसे सुनना है" ॥ २ ॥

कहे भीष्म

कहे भीष्म 'निजपूत एक हि को निर्भय विचरत देखत है ।
उन्हें व्यास पितु वेद पढ़ाकर अस उपदेश हि देवत है' ॥ ३ ॥

कहे व्यास

व्यास कहे, 'सुत ! धर्म राखते सब इन्द्रिय का जय करना ।
सर्दी-गरमी, भूख-प्यास अरु वायु का भी जय करना ॥ ४ ॥

पालन करना सत्य, सरलता, क्रोधहीनता विधि से सब ।
तथा तपस्या अनसूया दम, अनृशंसता, विधि से सब ॥ ५ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सत्ये तिष्ठ रतो धर्मे हित्वा सर्वमनार्जवम् ।
देवतातिथिशेषेण मात्रां प्राणस्य संलिह ॥ ६ ॥

फेनमात्रोपमे देहे जीवे शकुनिवत् स्थिते ।
अनित्ये प्रियसंवासे कथं स्वपिषि पुत्रक ॥ ७ ॥

अप्रमत्तेषु जाग्रत्सु नित्ययुक्तेषु शत्रुषु ।
अन्तरं लिप्समानेषु बालस्त्वं नावबुध्यसे ॥ ८ ॥

अहःसु गण्यमानेषु क्षीयमाणे तथाऽऽयुषि ।
जीविते लिख्यमाने च किमुत्थाय न धावसि ॥ ९ ॥

ऐहलौकिकमीहन्ते मांसशोणितवर्धनम् ।
पारलौकिककार्येषु प्रसुप्ता भृशनास्तिकाः ॥ १० ॥

धर्माय येऽभ्यसूयन्ति बुद्धिमोहान्विता नराः ।
अपथा गच्छतां तेषामनुयाताऽपि पीड्यते ॥ ११ ॥

ये तु तुष्टाः श्रुतिपरा महात्मानो महाबलाः ।
धर्म्यं पन्थानमारूढास्तानुपास्स्व च पृच्छ च ॥ १२ ॥

उपधार्य मतं तेषां बुधानां धर्मदर्शिनाम् ।
नियच्छ परया बुद्ध्या चित्तमुत्पथगामि वै ॥ १३ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

विषय अनार्जव तज, सत धर्म हि रत हो, आयु विताना है।
सुर अरु अतिथि प्रसाद शेष हि जीवन रखने पाना है॥ ६॥

देह फेन सम होवे जब, अरु जीव, पक्षिसम, करे निवास।
साधे नहि पुरुषारथ क्यों तुम ? अनित्य है जब प्रिय सहवास॥ ७॥

कामादिक रिपु जागत, नित सब दोष तुम्हारे खोज रहे।
बालक हो तुम, सो, उनका यह कारज ना कछु समझ रहे॥ ८॥

गणत सभी दिन, आयु क्षीण, अरु जीवन बीतत देखत हो।
फिर भी सुर अरु गुरूजी के क्यों शरणागत ना होवत हो॥ ९॥

रुधिर, मांस का बढना नास्तिक जन ही जग में चाहत हैं।
वे परलोक हि के कार्यों में सदा प्रसुप्त ही होवत हैं॥ १०॥

कुपथगामि जन मूढबुद्धि के, द्वेष धर्म का करते हैं।
उनका जो अनुसरण करे सो, वे भी पीडित होते हैं॥ ११॥

उपासना कर, धर्म बूझना, उनसे ही, जो धार्मिक हैं।
महाबली, सन्तुष्ट, महात्मा वेदों के जो मार्मिक हैं॥ १२॥

उन्हीं धर्मदर्शी पण्डित के मत को उत्तम हिय रखके।
नियमित करना उत्पथगामी चित को बुद्धि से लखके॥ १३॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आद्यकालिकया बुद्ध्या दूरे श्व इति निर्भयाः ।
सर्वभक्ष्या न पश्यन्ति कर्मभूमिमचेतसः ॥ १४ ॥

धर्मं निःश्रेणिमास्थाय किंचित् किंचित् समारुह ।
कोषकारवदात्मानं वेष्टयन्नानुबुध्यसे ॥ १५ ॥

नास्तिकं भिन्नमर्यादं कूलपातमिव स्थितम् ।
वामतः कुरु विस्रब्धो नरं वेणुमिवोद्धृतम् ॥ १६ ॥

कामं क्रोधं च मृत्युं च पञ्चेन्द्रियजलां नदीम् ।
नावं धृतिमयीं कृत्वा जन्मदुर्गाणि संतर ॥ १७ ॥

मृत्युनाभ्याहते लोके जरया परिपीडिते ।
अमोघासु पतन्तीषु धर्मपोतेन सन्तर ॥ १८ ॥

तिष्ठन्तं च शयानं च मृत्युरन्वेषते यदा ।
निर्वृतिं लभते कस्मादकस्मान्मृत्युनाशितः ॥ १९ ॥

सञ्चिन्वानकमेवैनं कामानामवितृप्तकम् ।
वृकीवोरणमासाद्य मृत्युरादाय गच्छति ॥ २० ॥

क्रमशः सञ्चितशिखो धर्मबुद्धिमयो महान् ।
अन्धकारे प्रवेष्टव्यं दीपो यत्नेन धार्यताम् ॥ २१ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

लोग अचेतन सर्वभक्षि, "अब दिन दूजा अतिदूर" कहे।
निर्भय होकर कर्म भूमि का अवलोकन तब दूर रहे ॥ १४ ॥

धार्मिक सीढी धीरे चढ, आरूढ उसी पर होवत हैं।
कोषकार सम बाँधे आत्मा, तब कछु ना वे जानत हैं ॥ १५ ॥

मर्यादा जो भङ्ग करे अस नास्तिक जन को मत लखना।
उन्हें वांस उखड़े सम, बाईं ओर, निधडक नित रखना ॥ १६ ॥

काम क्रोध मृत्यु पञ्चेन्द्रिय जल की नदी को तरना है।
धर्ममयी नौका को ले तुम्हें जन्म दुर्ग को तरना है ॥ १७ ॥

निशि जब बीते, आयु हरते, जरा, मृत्यु से पीडित सब।
धर्मस्वरूपी पोत सहारे भवसागर तुम तरना तब ॥ १८ ॥

खोजे मृत्यु जब जन को जो सुखि बैठे या सोवत हैं।
मृत्युग्रस्त जन अकसमात तब सुखशान्ति कस पावत हैं ॥ १९ ॥

अर्थसञ्चयी काम हि से अतृप्त रहे तब मरण उन्हें।
भेडियी आ, जस भेड पकरती तस करता है हरण उन्हें ॥ २० ॥

अन्धकार में जाना है, तब धर्मबुद्धि का दीप लिये।
प्रयत्न-पूर्वक धारण करना धीरे उसे उज्ज्वल हि किये ॥ २१ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सम्पतन् देहजालानि कदाचिदिह मानुषे ।
ब्राह्मण्यं लभते जन्तुस्तत्पुत्र परिपालय ॥ २२ ॥

ब्राह्मणस्य तु देहोऽयं न कामार्थाय जायते ।
इह क्लेशाय तपसे प्रेत्य त्वनुपमं सुखम् ॥ २३ ॥

ब्राह्मण्यं बहुभिरवाप्यते तपोभि-
स्तल्लब्ध्वा न रतिपरेण हेलितव्यम् ॥
स्वाध्याये तपसि दमे च नित्ययुक्तः
क्षेमार्थी कुशलपरः सदा यतस्व ॥ २४ ॥

अव्यक्तप्रकृतिरयं कलाशरीरः
सूक्ष्मात्मा क्षणत्रुटिशो निमेषरोमा ।
ऋत्वास्यः समबलशुक्लकृष्णनेत्रो
मासाङ्गो द्रवति वयोहयो नराणाम् ॥ २५ ॥

तं दृष्ट्वा प्रसृतमजस्रमुग्रवेगं
गच्छन्तं सततमिहाव्यपेक्षमाणम् ।
चक्षुस्ते यदि न परप्रणेतृनेयं
धर्मे ते भवतु मनः परं निशाम्य ॥ २६ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मनुज जीव तनु अनेक पा, फिर भाग्य हि से है ब्राह्मण तन ।
सो तुम उसका पालन करना, पाये हो यह ब्राह्मण तन ॥ २२ ॥

यह ब्राह्मण तनु काम भोग के कारण जग में नहीं उपजा ।
यहाँ तपस्या कर परलोक हि सुख लेने को है उपजा ॥ २३ ॥

बहुत तपस्या करने पर ही मिलता ब्राह्मण जन्म यही
सो इसको पा विषयासक्त हि होकर खोना उचित नहीं ।
सदा जितेन्द्रिय रह, दम तप सह स्वाध्यायी नित होना है
मोक्षार्थी अरु कुशलपरायण यत्नवान नित होना है ॥ २४ ॥

मानव की अव्यक्त प्रकृति कला देहमय अश्व यही
स्वभाव के क्षण, त्रुटि अरु निमेष, उन अश्वों के रोम यही ।
ऋतु वदन हि कृष्ण शुक्ल दो पक्ष नेत्र ही उन्हें रहे
मास रूप तनु ले वह अश्व हि लखो निरन्तर दौड़ रहे ॥ २५ ॥

यही अवस्थारूपी घोड़े जो छिपकर नित दौड़ रहे
बड़ा वेग अदृश्य इन्हीं का यह यदि तुम अब देख रहे ।
फिर भी अन्धे के सम तुम्हारा नैन मूँदना ना होवे
तो परलोक हि के कारण, तब मन धार्मिक अब झट होवें ॥ २६ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ये चात्र प्रचलितधर्मकाममत्ताः
क्रोशन्तः सततमनिष्टसम्प्रयोगाः ।
क्लिश्यन्तः परिगतवेदनाशरीरा
बह्वीभिः सुभृशमधर्मकारणाभिः ॥२७॥

राजा सदा धर्मपरः शुभाशुभस्य गोप्ता
समीक्ष्य सुकृतिनां दधाति लोकान् ।
बहुविधमपि चरति प्रविशति
सुखमनुपगतं निरवद्यम् ॥ २८ ॥

श्वानो भीषणकाया अयोमुखानि वयांसि
बलगृध्रकुलपक्षिणां च सङ्घाः ।
नरकदने रुधिरपा गुरुवचन-
नुदमुपरतं विशसन्ति ॥ २९ ॥

मर्यादा नियताः स्वयम्भुवा य इहेमाः
प्रभिनत्ति दशगुणा मनोऽनुगत्वात् ।
निवसति भृशमसुखं पितृविषय-
विपिनमवगाह्य स पापः ॥ ३० ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रचलित धर्म विषय में जो जन स्वेच्छाचारी रहते हैं।
पर-निन्दा रत अनिष्ट कार्य ही इस जग में जो करते है।
जाकर वे यमलोक यातना शरीर धारण करते हैं॥
वहुत अधर्म क्रिया के कारण क्लेश भोगते रहते हैं॥ २७॥

धर्म परायण सदा रहत नृप राज अपना करता है,
उच्च नीच वर्णों का पालक होकर सुकृत करता है।
पुण्यवान के लोक पाय वह शुभ कर्मों को वहुत करे
अनेक योनी में अनुपलब्ध निरवद्य सुख लाभ करे॥ २८॥

इस जग में जो माता पिता गुरुजन के वचन टारेगा।
वह मृत होकर देह छूटते घोर नरक में जावेगा।
तहाँ भयङ्कर कुत्ते, कौवे, लोहमुखी भी रहते हैं,
गीदड़ादि पंछी कीड़े भी उसका भक्षण करते हैं॥ २९॥

शौच, तुष्टि, तप, अपरिग्रह, व्रत, स्वाध्याय, अहिंसा भी
ईश्वर का प्रणिधान, सत्य, अस्तेय स्वयम्भू किये सभी।
यह मर्यादा दस जो पापी स्वेच्छा से न पालत है,
सो यमलोक हि वन में जाकर बड़ा दुःख वह भोगत है॥ ३०॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

यो लुब्धः सुभृशं प्रियानृतश्च मनुष्यः
सततनिकृति-वञ्चनाभिरतिः स्यात् ।
उपनिधिभिरसुखकृत्स परमनिरयगो
भृशमसुखमनुभवति दुष्कृतकर्मा ॥ ३१ ॥

उष्णां वैतरणीं महानदी-
मवगाढोऽसिपत्रवनभिन्नगात्रः ।
परशुवनशयो निपतितो
वसति च महानिरये भृशार्त्तः ॥ ३२ ॥

महापदानि कत्थसे न चाप्यवेक्षसे परम् ।
चिरस्य मृत्युकारिकामनागतां न बुध्यसे ॥ ३३ ॥

प्रयाय्यतां किमास्यते समुत्थितं महद्भयम् ।
अतिप्रमाथि दारुणं सुखस्य संविधीयताम् ॥ ३४ ॥

पुरा मृतः प्रणीयते यमस्य राजशासनात् ।
त्वमन्तकाय दारुणैः प्रयत्नमार्जवे कुरु ॥ ३५ ॥

पुरा समूलबान्धवं प्रभुर्हरत्यदुःखवित् ।
तवेह जीवितं यमो न चास्ति तस्य वारकः ॥ ३६ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

जो लोभी जनप्रिय मिथ्या कह छल से चोरी करता है।
तथा अनेकों नीच कार्यरत ठगहारी भी करता है ॥
नीच कर्म करने वाला वह पापात्मा जब मृत होवे ।
नरक जाय के तहाँ भयङ्कर वहुप्रकार के दुख पावे ॥ ३१ ॥

वह दुष्टात्मा तहाँ ऊष्णजल वैतरणी में नाहत है ।
असि-पत्र वन में जाते तव देह विदीर्ण होवत है ॥
फिर यमदूत परशु के वन में उसको पकड़ सुलावत हैं।
वड़ा दुखी फिर वास उसी का महा नरक में होवत है ॥ ३२ ॥

ब्रह्मादिक के स्थान लखत "हैं धन्य भया" अस तुम समझे ।
परम पद हि ना लखे, बुढ़ापा आय शीघ्र सो ना समझे ॥ ३३ ॥

सुख को दूर करे सो प्रगढ़ा, भय दारुण अत्यन्त यहाँ ।
मोक्ष साधने यत्न करो, क्यों बैंठे हो निश्चिन्त यहाँ ॥ ३४ ॥

शासन कारण मरने पर यम समीप जाना होता है ।
सो दारुण व्रत करना जासे अगला दुख मिट जावत है ॥ ३५ ॥

समूल बान्धव सह तव जीवन यमराज हि हर लेगा जब ।
दुख न जाने सो समर्थ यम को ना कोई रोकेगा तब ॥ ३६ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पुराऽभिवाति मारुतो यमस्य यः पुरःसरः ।
पुरैक एव नीयसे कुरुष्व साम्परायिकम् ॥ ३७ ॥

पुरा स हि क्व एव ते प्रवाति मारुतोऽन्तकः ।
पुरा च विभ्रमन्ति ते दिशो महाभयागमे ॥ ३८ ॥

श्रुतिश्च संनिरुध्यते पुरा तवेह पुत्रक ।
समाकुलस्य गच्छतः समाधिमुत्तमं कुरु ॥ ३९ ॥

शुभाशुभे पुरा कृते प्रमादकर्मविप्लुते ।
स्मरन्पुरा न तप्यसे निधत्स्व केवलं निधिम् ॥ ४० ॥

पुरा जरा कलेवरं विजर्जरीकरोति ते ।
बलाङ्गरूपहारिणी निधत्स्व केवलं निधिम् ॥ ४१ ॥

पुरा शरीरमन्तको भिनत्ति रोगसारथिः ।
प्रसह्य जीवितक्षये तपो महत्समाचर ॥ ४२ ॥

पुरा वृका भयङ्करा मनुष्यदेहगोचराः ।
अभिद्रवन्ति सर्वतो यतस्व पुण्यशीलने ॥ ४३ ॥

पुरान्धकारमेककोऽनुपश्यसि त्वरस्व वै ।
पुरा हिरण्मयान्नगान्निरीक्षसेऽद्रिमूर्धनि ॥ ४४ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

यम के आगे तुम्हें अकेले लेत वायु बह जावेगा।
सो तुम यत्न करो अस जासे परलोक हि हित होवेगा ॥ ३७ ॥

प्राण हरे तव अस वायु जो बहता सो अब कहाँ रहे।
तुम्हे महाभय तव भ्रान्ती कर दिशा बने सो कहाँ रहे ॥ ३८ ॥

श्रवणेन्द्रिय तव निरुद्ध होगी अन्त समय तुम जाते जब।
सो ही उत्तम समाधी साधन कर लेना तुम झट से अब ॥ ३९ ॥

प्रमाद से शुभ अशुभ कर्म ना सुमिरत आगे दुख पाना।
केवल आश्रयणीय समाधी अस साधत तुम सुख पाना ॥ ४० ॥

तनु को जर्जर करत बुढ़ापा, हरण करे बल, अङ्ग स्वरूप।
सो उसके पहिले अवलम्बन करना समाधि जो सुख रूप ॥ ४१ ॥

रोग सारथी बनकर मृत्यु बल से जीवन हरण करे।
सो उसके तव तनु भेदन के प्रथम हि तुम तप घोर करे ॥ ४२ ॥

क्रूर भेड़िये नर तनु-गोचर कामादिक भय रूप लिये।
सभी भाँति दौड़ेंगे सो पुण्य कमाओ, यत्न किये ॥ ४३ ॥

अन्धकार अरु गिरि पर पीले वृक्ष मरण के चिह्न सभी।
इकले ही तुम देखोगे सो, शीघ्र कीजियो पुण्य अभी ॥ ४४ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पुरा कुसङ्गतानि ते सुहृन्मुखाश्च शत्रवः ।
विचालयन्ति दर्शनाद्धटस्व पुत्र यत्परम् ॥ ४५ ॥

धनस्य यस्य राजतो भयं न चास्ति चोरतः ।
मृतं च यन्न मुञ्चति समर्जयस्व तद्धनम् ॥ ४६ ॥

न तत्र संवियुज्यते स्वकर्मभिः परस्परम् ।
यदेव यस्य यौतकं तदेव तत्र सोऽश्नुते ॥ ४७ ॥

परत्र येन जीव्यते तदेव पुत्र दीयताम् ।
धनं यदक्षरं ध्रुवं समर्जयस्व तत् स्वयम् ॥ ४८ ॥

न यावदेव पच्यते महाजनस्य यावकम् ।
अपक्व एव यावके पुरा प्रलीयसे त्वर ॥ ४९ ॥

न मातृपुत्रबान्धवा न संस्तुतः प्रियो जनः ।
अनुव्रजन्ति सङ्कटे व्रजन्तमेकपातिनम् ॥ ५० ॥

यदेव कर्म केवलं पुरा कृतं शुभाशुभम् ।
तदेव पुत्र सार्थिकं भवत्यमुत्र गच्छतः ॥ ५१ ॥

हिरण्यरत्नसञ्चयाः शुभाशुभेन सञ्चिताः ।
न तस्य देहसंक्षये भवन्ति कार्यसाधकाः ॥ ५२ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सुहृत समान कुसङ्गी रिपु लख, तव बुद्धी ना विचलित हो।
सो हे तात ! उसे ही खोजे परम वस्तु जो तव हित हो ॥ ४५ ॥

राजा का अरु चोरों का भी भय जा पर नहि ऐसो धन।
मरने पर भी ना छूटे, हे तात ! कमाओ ऐसो धन ॥ ४६ ॥

निज कर्महि से प्राप्त भया धन परलोक भी जो आवेगा।
यहाँ कमाया, जिसने वही वहाँ भोगने पावेगा ॥ ४७ ॥

दान करो वही धन जो परलोक हि में उपजीव्य रहे।
तात ! कमाओ वही धन जो अविनाशी अरु नित्य रहे ॥ ४८ ॥

महाजनों का खाया अन्न हि जब तक ना पच पावेगा।
उतने अल्प समय में मरण हि आय उठा ले जावेगा ॥ ४९ ॥

पड़ा अकेला सङ्कट में परलोक अनाथ हि जावत है।
तब न मातु सुत बान्धव परिचित प्रिय भी साथी होवत है ॥ ५० ॥

जो कछु कर्म शुभाशुभ पहले किया भया सो रहता है।
मानव जब परलोक जाय तव साथ वही इक रहता है ॥ ५१ ॥

कर्म शुभाशुभ से सोना अरु रत्नादिक जो अर्थ बने।
अन्त समय में किसी कार्य के साधक ना, वह, व्यर्थ बने ॥ ५२ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

परत्रगामिकस्य ते कृताकृतस्य कर्मणः ।
न साक्षि आत्मना समो नृणामिहास्ति कश्चन ॥ ५३ ॥

मनुष्यदेहशून्यकं भवत्यमुत्र गच्छतः ।
प्रविश्य बुद्धिचक्षुषा प्रदृश्यते हि सर्वशः ॥ ५४ ॥

इहाग्निसूर्यवायवः शरीरमाश्रितास्त्रयः ।
त एव तस्य साक्षिणो भवन्ति धर्मदर्शिनः ॥ ५५ ॥

अहर्निशेषु सर्वतः स्पृशत्सु सर्वचारिषु ।
प्रकाशगूढवृत्तिषु स्वधर्ममेव पालय ॥ ५६ ॥

अनेकपारिपन्थिके विरूपरौद्रमक्षिके ।
स्वमेव कर्म रक्ष्यतां स्वकर्म तत्र गच्छति ॥ ५७ ॥

न तत्र संविभज्यते स्वकर्मणा परस्परम् ।
तथा कृतं स्वकर्मजं तदेव भुज्यते फलम् ॥ ५८ ॥

यथाप्सरोगणाः फलं सुखं महर्षिभिः सह ।
तथाऽऽप्नुवन्ति कर्मजं विमानकामगामिनः ॥ ५९ ॥

यथेह यत्कृतं शुभं विपाप्मभिः कृतात्मभिः ।
तदाप्नुवन्ति मानवास्तथा विशुद्धयोनयः ॥ ६० ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कृत, अकृत, कर्मों को कर परलोक जीव जब जाता है।
आत्मा समान उसका साक्षी कोई भी ना होता है ॥ ५३ ॥

जीव जाय परलोक, देह विन, साक्षी चेतन रहता है।
ज्ञान नेत्र से दिय में ही सब उसे दीखते रहता है ॥ ५४ ॥

इस जग मो तनु को अवलम्बन कर वायु, अग्नि रवि रहते हैं।
ये ही साक्षी धर्मदर्शि परलोक जाय तब रहते हैं ॥ ५५ ॥

निश दिन तब छह शत्रु प्रकाशित, गूढ भाव से परसत हैं।
सो तुम उन कर्मों को करना स्वधर्म को जो सम्मत हैं ॥ ५६ ॥

काट खाय सो क्रूर जीव परलोक पथ हि वह होवत हैं।
साथ आय सो स्वकर्म करना जो निजि हित के होवत हैं ॥ ५७ ॥

कर्म शुभाशुभ यहाँ किये सो सङ्ग जीव के ज़ावत हैं।
ना छोड़ परलोक जात वे निज फल भोग हि देवत हैं ॥ ५८ ॥

जैसे बड़ ऋषि तथा अप्सरा स्वर्ग सौख्य को भोगत हैं।
काम गामि शुभ कर्मों के तस निज कर्म हि से भोगत हैं ॥ ५९ ॥

शुद्ध योनि के पाप रहित जस यहाँ कर्म शुभ करते हैं।
परलोक हि में जीव उन्हीं के फल को पाया करते हैं ॥ ६० ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रजापतेः सलोकतां बृहस्पतेः शतक्रतोः ।
व्रजन्ति ते परां गतिं गृहस्थधर्मसेतुभिः ॥ ६१ ॥

सहस्रशोऽप्यनेकशः प्रवक्तुमुत्सहाम ते ।
अबुद्धिमोहनं पुनः प्रभुर्निनाय पावकः ॥ ६२ ॥

गता त्रिरष्टवर्षता ध्रुवोऽसि पञ्चविंशकः ।
कुरुष्व धर्मसंचयं वयो हि तेऽतिवर्तते ॥ ६३ ॥

पुरा करोति सोऽन्तकः प्रमादगोऽमुखां चमूम् ।
यथा गृहीतमुत्थितस्त्वरस्व धर्मपालने ॥ ६४ ॥

यथा त्वमेव पृष्ठतस्त्वमग्रतो गमिष्यसि ।
तथा गतिं गमिष्यतः किमात्मना परेण वा ॥ ६५ ॥

यदेकपातिनां सतां भवत्यमुत्र गच्छताम् ।
भयेषु साम्परायिकं निधत्स्व केवलं निधिम् ॥ ६६ ॥

स कूलमूलबान्धवं प्रभुर्हरत्यसङ्गवान् ।
न सन्ति यस्य वारकाः कुरुष्व धर्मसंनिधिम् ॥ ६७ ॥

इदं निदर्शनं मया तवेह पुत्र साम्प्रतम् ।
स्वदर्शनानुमानतः प्रवर्णितं कुरुष्व तत् ॥ ६८ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ब्रह्म लोक या बृहस्पती या इन्द्र लोक भी जा कर के ।
परम गती को पाय गृहस्थी धर्म सेतु से जा कर के ॥ ६१ ॥

बोल सकूँ मैं वचन हजारों ऐसे ही उपदेश भरे ।
किन्तु अनुग्रह निग्रह कारक धर्म जीव को मोह करे ॥ ६२ ॥

हो तुम अब पच्चीस बरस के, बीते तब चौबीस बरस ।
करो धर्म सञ्चय, झट तब आयू बीते वरस बरस ॥ ६३ ॥

अन्तक प्रमाद गृह का जब तक इन्द्रिय ना निष्कार्य क़रे ।
उद्योगी बन तव तनु तब तक झट धार्मिक निजि कार्य करे ॥ ६४ ॥

आत्म ग्यान सह जाना आगे या पीछे जब तुम को ही ।
कौन प्रयोजन है तव तनु या दुसरे से तब तुम को ही ॥ ६५ ॥

भय प्रगटत, परलोक, देह तज, इक्ले ही जब जाना है ।
कमा रखो, शुभ ग्यान, कर्म तव, जो हितकर हि खजाना है ॥ ६६ ॥

सङ्ग रहित मृत्यू का सबको, हरना, कभी न टाला जाय ।
सो ही शुभ कर्मों को करते, धर्म अपना, पाला जाय ॥ ६७ ॥

निजदर्शन, अनुमान सहारे, योग्य सो हि मैं वचन कहा ।
सो, हे सुत ! वैसा ही करना, जैसा मैं सब तुम्हें कहा ॥ ६८ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दधाति यः स्वकर्मणा ददाति यस्य कस्यचित् ।
अबुद्धिमोहजैर्गुणैः स एक एव युज्यते ॥ ६९ ॥

श्रुतं समस्तमश्नुते प्रकुर्वतः शुभाः क्रियाः ।
तदेतदर्थदर्शनं कृतज्ञमर्थसंहितम् ॥ ७० ॥

निबन्धनी रज्जुरेषा या ग्रामे वसतो रतिः ।
छित्त्वैतां सुकृतो यान्ति नैनां छिन्दन्ति दुष्कृतः ॥ ७१ ॥

किं ते धनेन किं बन्धुभिस्ते
किं ते पुत्रैः पुत्रक यो मरिष्यसि ।
आत्मानमन्विच्छ गुहां प्रविष्टं
पितामहास्ते क्व गताश्च सर्वे ॥ ७२ ॥

श्वः कार्यमद्य कुर्वीत पूर्वाह्णे चापराह्णिकम् ।
न हि प्रतीक्षते मृत्युः कृतं वास्य न वा कृतम् ॥ ७३ ॥

अनुगम्य विनाशान्ते निवर्तन्ते ह बान्धवाः ।
अग्नौ प्रक्षिप्य पुरुषं ज्ञातयः सुहृदस्तथा ॥ ७४ ॥

नास्तिकान् निरनुक्रोशान् नरान् पापमते स्थितान् ।
वामतः कुरु विस्रब्धं परं प्रेप्सुरतन्द्रितः ॥ ७५ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

देह पुष्टि के साधक, अरु जो, फल इच्छा से दान करें।
वे ही इकेले, मोहादिक अग्यान भरा दुःख पान करें ॥ ६९ ॥

शुभकर्मी ही, ज्ञान सुनत सर्वज्ञ भाव को पावत है।
कृतज्ञ जन को दिया भया, उपदेश हि सार्थक होवत है ॥ ७० ॥

ग्रामवास रति निज जन सह ही, रस्सी बन्धनकारी है।
पुण्यवान से कटे, पापी से यह न कटनेवारी है ॥ ७१ ॥

जब परलोक सिधारोगे तब जो तव संपद अरु धन है।
बान्धव, सुत, पौत्रादिक से, तब तुमको, कौन प्रयोजन है ॥
हिय आकाशहि आत्मा का, अन्वेषण तुम सदा करो।
कहाँ गये तव पितामहादिक, चिन्तन इसका सदा करो ॥ ७२ ॥

कार्य कल का आज हि करना तथा शाम का सुबह पूर्ण।
मृत्यु प्रतीक्षा नहीं करे जन कार्य पूर्ण या रहा अपूर्ण ॥ ७३ ॥

देह नाश पर प्रेमी, निजि जन, मसान तक ही जावें साथ।
उसे अग्नि में डाल निवृत्त हि बनकर वे सब धोवें हाथ ॥ ७४ ॥

आलस तज, विश्वासी बन, रख चाह परमपद खोजन को।
पीछे रखना, पापी, नास्तिक, तथा निर्दयी सब जन को ॥ ७५ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

एवमभ्याहते लोके कालेनोपनिपीडिते ।
सुमहद्धैर्यमालम्ब्य धर्मं सर्वात्मना कुरु ॥ ७६ ॥

अथेमं दर्शनोपायं सम्यग्यो वेत्ति मानवः ।
सम्यक् स्वधर्मं कृत्वेह परत्र सुखमश्नुते ॥ ७७ ॥

न देहभेदे मरणं विजानतां
न च प्रणाशः स्वनुपालिते पथि ।
धर्मं हि यो वर्धयते स पण्डितो
य एव धर्माच्च्यवते स मुह्यति ॥ ७८ ॥

प्रयुक्तयोः कर्मपथि स्वकर्मणोः
फलं प्रयोक्ता लभते यथाकृतम् ।
निहीनकर्मा निरयं प्रपद्यते
त्रिविष्टपं गच्छति धर्मपारगः ॥ ७९ ॥

सोपानभूतं स्वर्गस्य मानुष्यं प्राप्य दुर्लभम् ।
तथाऽऽत्मानं समादध्याद्भ्रश्यते न पुनर्यथा ॥ ८० ॥

यस्य नोत्क्रामति मतिः स्वर्गमार्गानुसारिणी ।
तमाहुः पुण्यकर्माणमशोच्यं पुत्रबान्धवैः ॥ ८१ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

काल हि से, पीडित जन जब सब, नष्ट हो रहे इसी प्रकार।
तब तुम बड़ धीरज से करना धर्म कार्य को सभी प्रकार ॥ ७६ ॥

जो यह मुक्तिपथ का उपाय पूर्ण रूप से जानत है।
इस जग मों, निजि धर्म कर्म कर, परलोक हि सुख भोगत है ॥ ७७ ॥

जो जानत की, जीव न मरता, यदि तनु का ही होवे नाश।
शिष्टजनों के पथ में रहते, सो उनका भी, नहीं विनाश ॥
अपना धर्म बढ़ाते, सो ही, पण्डितजन कहलाते हैं।
निजी धर्म को छोड़, गिरे सो, मोहित्त जन कहलाते हैं ॥ ७८ ॥

कर्म मार्ग में, करे, प्रयोक्ता, जैसो कर्म, शुभाशुभ ही।
प्रयुक्त, पावे निज कर्मों के, तस, फल भोग, शुभाशुभ ही ॥
हीन कर्म को करने वाला, निरयगामि बन गिरता है।
धर्म कर्म को करने वाला, सुरपुर में जा तरता है ॥ ७९ ॥

मानव तनु सोपान स्वर्ग का, दुर्लभ, ऐसो जब पाये।
आत्म समाधी ही साधें फिर, भ्रष्ट न जासे बन पाये ॥ ८० ॥

जा की बुद्धी, धर्म न छोड़त, स्वर्ग मों होवत है।
सुत, बान्धव का शोक नहीं सो, पुण्यवान कहावत है ॥ ८१ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

यस्य नोपहता बुद्धिर्निश्चये ह्यवलम्बते ।
स्वर्गे कृतावकाशस्य नास्ति तस्य महद्भयम् ॥ ८२ ॥

तपोवनेषु ये जातास्तत्रैव निधनं गताः ।
तेषामल्पतरो धर्मः कामभोगानजानताम् ॥ ८३ ॥

यस्तु भोगान्परित्यज्य शरीरेण तपश्चरेत् ।
न तेन किंचिन्न प्राप्तं तन्मे बहु मतं फलम् ॥ ८४ ॥

मातापितृसहस्राणि पुत्रदारशतानि च ।
अनागतान्यतीतानि कस्य ते कस्य वा वयम् ॥ ८५ ॥

अहमेको न मे कश्चिन्नाहमन्यस्य कस्यचित् ।
न तं पश्यामि यस्याहं तन्न पश्यामि यो मम ॥ ८६ ॥

न तेषां भवता कार्यं न कार्यं तव तैरपि ।
स्वकृतैस्तानि यातानि भवाँश्चैव गमिष्यति ॥ ८७ ॥

इह लोके हि धनिनां स्वजनः स्वजनायते ।
स्वजनस्तु दरिद्राणां जीवितामपि नश्यति ॥ ८८ ॥

संचिनोत्यशुभं कर्म कलत्रापेक्षया नरः ।
ततः क्लेशमवाप्नोति परत्रेह तथैव च ॥ ८९ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

जा की बुद्धी, रहत अवाधित, निश्चय करते स्थिर होवे ।
नहीं महाभय उसको ; स्वर्ग हि उसे ठिकाना फिर होवे ॥ ८२ ॥

जन्म, तपोवन में लेकर, जो, वहीं देह भी तजते हैं ।
काम भोग अनभिज्ञ, उन्हीं के धर्म, अल्प ही, रहते हैं ॥ ८३ ॥

भोग त्यागके, देह क्लेश सह, जिन का तप वड़ घोर रहे ।
मुझे, वही फल सम्मत है, जो, उन्हें न कुछ अप्राप्य रहे ॥ ८४ ॥

मात, पिता, सुत, नार, हजारों बनते हैं अरु बिखरत हैं ।
वे, अब किसके कौन रहे ? अरु हम भी, किसके होवत हैं ? ॥ ८५ ॥

मैं हूँ इकला, नहीं, किसीका मैं, अरु मेरा कोई भी ।
उसे, न देखूं, जिसका मैं अरु, जो है मेरा कोई भी ॥ ८६ ॥

तुमसे, उनका, नहीं कार्य, ना उनसे, तुम्हारा कार्य रहे ।
निज कर्म हि से, वे उपजे, निज कर्म हि से, तव गमन रहे ॥ ८७ ॥

इस जग में, धनिकों के स्वजन हि, स्वजन भाव को, मान रहे ।
दरिद्र नर के जीते भी, ना कोई, उसका स्वजन रहे ॥ ८८ ॥

प्रेमी नारी के कारण ही, अशुभ कर्म, नर करता है ।
इस जग में अरु परलोक हि में क्लेश उसीसे मिलता है ॥ ८९ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पश्यति च्छिन्नभूतं हि जीवलोकं स्वकर्मणा ।
तत्कुरुष्व तथा पुत्र कृत्स्नं यत्समुदाहृतम् ॥ ९० ॥
तदेतत् संप्रदृश्यैव कर्मभूमिं प्रपश्यतः ।
शुभान्याचरितव्यानि परलोकमभीप्सता ॥ ९१ ॥
मासर्तुसंज्ञापरिवर्त्तकेन
सूर्याग्निना रात्रिदिवेन्धनेन ।
स्वकर्मनिष्ठाफलसाक्षिकेन
भूतानि कालः पचति प्रसह्य ॥ ९२ ॥
धनेन किं यन्न ददाति नाश्नुते
बलेन किं येन रिपुं न बाधते ।
श्रुतेन किं येन न धर्ममाचरेत्
किमात्मना यो न जितेन्द्रियो वशी ॥ ९३ ॥

भीष्म उवाच

इदं द्वैपायनवचो हितमुक्तं निशम्य तु ।
शुको गतः परित्यज्य पितरं मोक्षदैशिकम् ॥ ९४ ॥

ॐ ॐ ॐ ॐ

इति श्रीमहाभारते शतसाहस्र्यां संहितायां वैयासिक्यां शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि पावकाध्ययनं नाम एकविंशत्यधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३२१ ॥ समाप्तः

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

देखत हो, जब, जीव बने हैं, निज कर्म हि से, पीडित ही।
तब तुम करो, कहा मैं, तैसो, होगा उससे, तव हित ही ॥ ९० ॥
कर्मभूमि को देखत, इन सब बातों पर, जो, करें विचार।
परलोक हि में, सद्गति इच्छुक; वे जन, राखें, शुभ आचार ॥९१॥
ऋतु, मास, को, बदले सो रवि, अग्नीरूपी होवे जो।
जीवों के, निजकर्म फलोंका साक्षी रूपी होवे जो॥
तथा काल, दिन रात स्वरूपी, काठ हि को, जो, जला रहा।
सब भूतों को बल पूर्वक वो; इस अग्नी से, पका रहा ॥ ९२ ॥
नहीं भोग, या दान भी, जिससे; अस, धन से क्या लाभ रहे?
जा से शत्रु नहीं बाधित है, अस, बल से क्या लाभ रहे? ॥
नहीं धर्म आचार बने, अस, शास्त्र ग्यान का, क्या है लाभ?।
इन्द्रिय अपने वश ना हो अस जीवात्मा का, क्या है लाभ? ॥९३॥

भीष्म कहे

"अस द्वैपायन के हितकर वाक्य हि सुन करके।
गये मोक्ष-उपदेशक के घर शुकजी पितु को तज करके" ॥ ९४ ॥

ॐ ॐ ॐ ॐ

॥ श्री मन्महाभारत के शान्तिपर्व में मोक्षधर्म पर्व का ३२१ वाँ अध्याय समाप्त ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अथ श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि ३२५ तमः अध्यायः

भीष्म उवाच

स मोक्षमनुचिन्त्यैव शुकः पितरमभ्यगात् ।
प्राहाभिवाद्य च गुरुं श्रेयोऽर्थी विनयान्वितः ॥ १ ॥

मोक्षधर्मेषु कुशलो भगवान् प्रब्रवीतु मे ।
यथा मे मनसः शान्तिः परमा सम्भवेत्प्रभो ॥ २ ॥

श्रुत्वा पुत्रस्य तु वचः परमर्षिरुवाच तम् ।
अधीष्व पुत्र मोक्षं वै धर्मांश्च विविधानपि ॥ ३ ॥

पितुर्नियोगाज्जग्राह शुको धर्मभृतां वरः ।
योगशास्त्रं च निखिलं कापिलं चैव भारत ॥ ४ ॥

स तं ब्राह्मया श्रिया युक्तं ब्रह्मतुल्यपराक्रमम् ।
मेने पुत्रं यदा व्यासो मोक्षधर्मविशारदम् ॥ ५ ॥

उवाच गच्छेति तदा जनकं मिथिलेश्वरम् ।
स ते वक्ष्यति मोक्षार्थं निखिलं मिथिलेश्वरः ॥ ६ ॥

पितुर्नियोगमादाय जगाम मिथिलां नृप ।
प्रष्टुं धर्मस्य निष्ठां वै मोक्षस्य च परायणम् ॥ ७ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

॥ श्री मन्महाभारत के शान्तिपर्व का ३२५ अध्याय प्रारम्भ ॥

भीष्म कहे

"शुक, मोक्ष चाहते, पितु के निकट हि जावत हैं।
विस्मित हित इच्छुक वे पितु को प्रणाम कर, अस बोलत हैं" ॥ १ ॥
"मोक्ष धर्म दरसाने में, बड़ कुशल, आप हो, हे भगवन् !।
सो, मम, मन के शान्ति का ही उपाय कहना, अब, भगवन्" ! ॥ २ ॥
वेदव्यासजी, पुत्र वचन सुन, शुकजी से अस बोले तब।
"मोक्ष शास्त्र अरु धर्म शास्त्र सब करो अध्ययन मुझसे अब" ॥ ३ ॥
पितु की आज्ञानुसार, धार्मिक शुकदेव हि, तब सीखत हैं।
योग शास्त्र, अरु कपिल प्रभू के शास्त्र, सभी जो होवत हैं ॥ ४ ॥
ब्राह्मी श्री सह, ब्रह्म तुल्य, सुत पराक्रमी, जब देखत हैं।
वेदव्यासजी, शुक देव हि से, वाक्य हि तब, अस, बोलत हैं ॥ ५ ॥
कहे व्यासजी "मिथिला नृप के निकट जाइयो, हे सुत ! अब।
जनक राय तब, तहाँ कहेंगे, मोक्ष शास्त्र का अर्थ हि, सब" ॥ ६ ॥
हे राजन् ! शुक देव, तहां जब, पितु आज्ञा अस पावत हैं।
धर्म बूझने मोक्षपरायण नृप से, मिथिला जावत हैं ॥ ७ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

उक्तश्च मानुषेण त्वं पथा गच्छेत्यविस्मितः ।
न प्रभावेण गन्तव्यमन्तरिक्षचरेण वै ॥ ८ ॥

आर्जवेणैव गन्तव्यं न सुखान्वेषिणा तथा ।
नान्वेष्टव्या विशेषास्तु विशेषा हि प्रसङ्गिनः ॥ ९ ॥

अहङ्कारो न कर्त्तव्यो याज्ये तस्मिन्नराधिपे ।
स्थातव्यं च वशे तस्य, स ते छेत्स्यति संशयम् ॥ १० ॥

स धर्मकुशलो राजा मोक्षशास्त्रविशारदः ।
याज्यो मम स यद्ब्रूयात् तत् कार्यमविशङ्कया ॥ ११ ॥

एवमुक्तः स धर्मात्मा जगाम मिथिलां मुनिः ।
पद्भ्यां शक्तोऽन्तरिक्षेण क्रान्तुं पृथ्वीं ससागराम् ॥ १२ ॥

स गिरींश्चाप्यतिक्रम्य नदीतीर्थसरांसि च ।
वहुव्यालमृगाकीर्णा ह्यटवीश्च वनानि च ॥ १३ ॥

मेरोर्हरेश्च द्वे वर्षे वर्षं हैमवतं ततः ।
क्रमेणैव व्यतिक्रम्य भारतंवर्षमासदत् ॥ १४ ॥

स देशान् विविधान् पश्यँश्चीनहूणनिषेवितान् ।
आर्यावर्तमिमं देशमाजगाम महामुनिः ॥ १५ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

जाते समय, कहे पितु सुत से, "नभो मार्ग से मत जाना ।
विस्मित ना हो, मानव पथ से, सब जावें तस तुम जाना ॥ ८ ॥

सुख ना चाहत, सरल भाव रख, ना देखत अति, विषयों को ।
सावध जाना, क्यों कि जन आसक्त बने लख विषयों को ॥ ९ ॥

नृप के सङ्ग, न अहंकार कर, वश में रहना तुम उनके ।
दूर करेंगे तब, वे राजा, संशय सब ही, तव मन के ॥ १० ॥

मोक्ष विशारद, धार्मिक राजा, मम यजमान हि होवत हैं ।
सो, तुम, शंका तज के करना, वें तुमसे जस बोलत हैं" ॥ ११ ॥

अस, धार्मिक पितु आज्ञा सुन कर, शुक मुनि मिथिला नगर गये ।
नभोमार्ग से जा सकने पर, भूपथ से ही चलत गये ॥ १२ ॥

गिरि, नदी, तीरथ, अरु सर्पों से भरे वनों में होकर के ।
जावत हैं शुक, अनेक जंगल, तालाबों से होकर के ॥ १३ ॥

धीरे धीरे, वर्ष इलावृत, तथा हैमवंत, अरु हरि वर्ष ।
चलते चलते इन्हें छोड़, शुक देव हि आये, भारत वर्ष ॥ १४ ॥

महामुनि, वे चीन, हूण, इत्यादि जाति से सेवित हैं ।
विविध देश सब, देखत, देखत, आर्यावर्त हि आवत हैं ॥ १५ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पितुर्वचनमाज्ञाय तमेवार्थं विचिन्तयन् ।
अध्वानं सोऽतिचक्राम खेचरः खे चरन्निव ॥ १६ ॥

पत्तनानि च रम्याणि स्फीतानि नगराणि च ।
रत्नानि च विचित्राणि पश्यन्नपि न पश्यति ॥ १७ ॥

उद्यानानि च रम्याणि तथैवायतनानि च ।
पुण्यानि चैव रत्नानि सोऽत्यक्रामदथाध्वगः ॥ १८ ॥

सोऽचिरेणैव कालेन विदेहानाससाद ह ।
रक्षितान्धर्मराजेन जनकेन महात्मना ॥ १९ ॥

तत्र ग्रामान् बहून् पश्यन् बह्वन्नरसभोजनान् ।
पल्लीघोषान् समृद्धांश्च बहुगोकुलसङ्कुलान् ॥ २० ॥

स्फीतांश्च शालियवसैर्हंससारससेवितान् ।
पद्मिनीभिश्च शतशः श्रीमतीभिरलंकृतान् ॥ २१ ॥

स विदेहानतिक्रम्य समृद्धजनसेवितान् ।
मिथिलोपवनं रम्यमाससाद समृद्धिमत् ॥ २२ ॥

हस्त्यश्वरथसंकीर्णं नरनारीसमाकुलम् ।
पश्यन्नपश्यन्निव तत्समतिक्रामदच्युतः ॥ २३ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पितु के आज्ञानुसार, शुकजी, उसी विषय को ध्यावत हैं।
अन्तरिक्ष में रवि विचरे, तस, अविश्रान्त, वे विचरत हैं॥ १६॥

नगर, ग्राम, बहु रम्य, रत्न भी विचित्र, वे सब देखत हैं।
पर, सब तुच्छ हि मानत, उनकी ओर, ध्यान ना देवत हैं॥ १७॥

देवालय, रमणीक बगीचे, पवित्र तीर्थों को लखकर।
आगे आगे जावत हैं शुक, अनासक्त निज चित रखकर॥ १८॥

स्वल्प समय में चलते चलते शुक, विदेह ही पहुँचत हैं।
जा को जनक महात्मा धार्मिक राजा बनकर चालत हैं॥ १९॥

अन्न रसादिक भोजन वस्तु, भरे भये, सब ग्राम तहाँ।
घोष, पल्लियों यह गौशाले, समृद्ध लखते शुकहि तहाँ॥ २०॥

भरा धान्य अरु तृणादि से, अरु सारस, हंस भी रहे तहाँ।
तथा सैकड़ों कमलिनियाँ अरु समलंकृत श्रीमान् तहाँ॥ २१॥

अस, समृद्ध जनों से सेवित, विदेह को, शुक लाँघत हैं।
फिर, समृद्ध अरु रम्य रहे सो, मिथिला उपवन, पहुँचत हैं॥ २२॥

हाथी, घोड़े, नर, नारी सह, मिथिला समृद्ध रहते भी।
बढे जितेन्द्रिय शुक आगे ही, नहि रमते, सब लखते भी॥ २३॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मनसा तं वहन् भारं तमेवार्थं विचिन्तयन् ।
आत्मारामः प्रसन्नात्मा मिथिलामाससाद ह ॥ २४ ॥

तस्या द्वारं समासाद्य निःशङ्कः प्रविवेश ह ।
तत्रापि द्वारपालास्तमुग्रवाचा न्यषेधयन् ॥ २५ ॥

तथैव च शुकस्तत्र निर्मन्युः समतिष्ठत ।
न चातपाध्वसंतप्तः क्षुत्पिपासाश्रमान्वितः ॥ २६ ॥

प्रताम्यति ग्लायति वा नापैति च तथाऽऽतपात् ।
तेषां तु द्वारपालानामेकः शोकसमन्वितः ॥ २७ ॥

मध्यं गतमिवादित्यं दृष्ट्वा शुकमवस्थितम् ।
पूजयित्वा यथान्यायमभिवाद्य कृताञ्जलिः ॥ २८ ॥

प्रावेशयत्ततः कक्ष्यां द्वितीयां राजवेश्मनः ।
तत्रासीनः शुकस्तात मोक्षमेवान्वचिन्तयत् ॥ २९ ॥

छायायामातपे चैव समदर्शी महाद्युतिः ।
तं मुहुर्तादिवागम्य राज्ञो मन्त्री कृताञ्जलिः ॥ ३० ॥

प्रावेशयत्ततः कक्ष्यां तृतीयां राजवेश्मनः ।
तत्रान्तःपुरसम्बद्धं महच्चैत्ररथोपमम् ॥ ३१ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पितु उपदेश, मोक्ष का चिन्तन, मन के मन ही करत भये।
प्रसन्न चित, आत्माराम हि शुक, मिथिला नगरी पहुँच गये ॥ २४ ॥

राज भवन के द्वार आय, वे, भीतर जाना चाहत हैं।
द्वारपाल तब उन्हें डांट कर, भीतर जाने रोकत हैं ॥ २५ ॥

खड़े वहीं शुक, क्रोध विना, नहि धूप, थकावट, दुःख उन्हें।
निर्विकार वे खड़े, न ग्लानी, भूख प्यास, का दुःख उन्हें ॥ २६ ॥

हटे नहीं वे, धूप ही से, अस निश्चल उनको, लख करके।
द्वारपालकों में से, इक तब, दुखि हो, करुणा रख करके ॥ २७ ॥

सूर्य दुपहरी के सम शुकजी ठाडे, अस वह देखत हैं।
निकट आय के हाथ जोड़, विधिपूर्वक उनको पूजत हैं ॥ २८ ॥

राज भवन से दूसरी कक्षा में, उनको ले जावत हैं।
वहीं बैठ, शुक, समदर्शी मुनि, मोक्ष विषय ही ध्यावत हैं ॥ २९ ॥

इक मुहूर्त के भीतर ही फिर मन्त्री नृप को आवत हैं।
धूप, छांव सम माने ऐसे शुकजी को कर जोरत हैं ॥ ३० ॥

उन्हें तीसरी कक्षा में वे आदर से ले जावत हैं।
अन्तःपुर के निकट जलाशय तरुवर फूले सोहत हैं ॥ ३१ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सुविभक्तजलाक्रीडं रम्यं पुष्पितपादपम् ।
शुकं प्रावेशयन्मन्त्री प्रमदावनमुत्तमम् ॥ ३२ ॥
स तस्यासनमादिश्य निश्चक्राम ततः पुनः ।
तं चारुवेषाः सुश्रोण्यस्तरुण्यः प्रियदर्शनाः ॥ ३३ ॥
सूक्ष्मरक्ताम्बरधरास्तप्तकाञ्चनभूषणाः ।
संलापोल्लापकुशला नृत्यगीतविशारदाः ॥ ३४ ॥
स्मितपूर्वाभिभाषिण्यो रूपेणाप्सरसां समाः ।
कामोपचारकुशला भावज्ञाः सर्वकोविदाः ॥ ३५ ॥
परं पञ्चाशतं नार्यो वारमुख्याः समाद्रवन् ।
पाद्यादीनि प्रतिग्राह्य पूजया परयाऽर्चयन् ॥ ३६ ॥
कालोपपन्नेन तदा स्वाद्वन्नेनाभ्यतर्पयन् ।
तस्य भुक्तवतस्तात तदन्तःपुरकाननम् ॥ ३७ ॥
सुरम्यं दर्शयामासुरेकैकश्येन भारत ।
क्रीडन्त्यश्च हसन्त्यश्च गायन्त्यश्चापि ताः शुभम् ॥ ३८ ॥
उदारसत्त्वं सत्त्वज्ञाः स्त्रियः पर्यचरँस्तथा ।
आरणेयस्तु शुद्धात्मा निःसंदेहः स्वकर्मकृत् ।
वश्येन्द्रियो जितक्रोधो न हृष्यति न कुप्यति ॥ ३९ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

रम्य चैत्ररथ सम सुन्दर अरु विस्तृत प्रमदावन होवे ।
नृप के मन्त्री शुकजी को फिर उस वन मों ही ले जावे ॥ ३२ ॥
उन्हें वहीं आसन देने को कहकर मन्त्री जावत हैं ।
तहां युवतियाँ सुन्दर मनहर वेषाभूषित होवत हैं ॥ ३३ ॥
ऊँचे स्तन के, लालवस्त्र अति सूक्ष्म, हिरण्मय आभूषण ।
धरें युवतियाँ, प्रवीण करने नृत्य गीत अरु संभाषण ॥ ३४ ॥
रहे अप्सरा सम सुन्दर वे, हँसन बोलने में प्रवीण हैं ।
भाव, तथा सब विषय जानते, काम कला में प्रवीण हैं ॥ ३५ ॥
अस पचास नव यौवन की, शुक मुनि के निकट ही आ करके ।
उन्हें पूजते आदर से वे, पाद्य, अर्घ्य, सब देकर के ॥ ३६ ॥
यथा समय पर मधुर अन्न दे, उन्हें तृप्त ही करते हैं ।
उन्हें जिमाकर, प्रमदावन में उन्हें साथ ले फिरते हैं ॥ ३७ ॥
इकली, इकली, ही वन मों शुक साथ लिये, दरसावत हैं ।
मनहर गावते, हसत-खेलते, उदार शुक को सेवत है ॥ ३८ ॥

शुद्ध, जितेन्द्रिय, स्वकर्मरत, शुक, अरणी से जो प्रकट भये ।
नहीं क्रोध या शङ्का, तिससे, ना हर्षित या कुपित भये ॥ ३९ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तस्मै शय्यासनं दिव्यं देवार्हं रत्नभूषितम् ।
स्पर्ध्यास्तरणसंकीर्णं ददुस्ताः परमस्त्रियः ॥ ४० ॥

पादशौचं तु कृत्वैव शुकः सन्ध्यामुपास्य च ।
निषसादासने पुण्ये तमेवार्थं विचिन्तयन् ॥ ४१ ॥

पूर्वरात्रे तु तत्रासौ भूत्वा ध्यानपरायणः ।
मध्यरात्रे यथान्यायं निद्रामाहारयत् प्रभुः ॥ ४२ ॥

ततो मुहुर्तादुत्थाय कृत्वा शौचमनन्तरम् ।
स्त्रीभिः परिवृतो धीमान् ध्यानमेवान्वपद्यत ॥ ४३ ॥

अनेन विधिना कार्ष्णिस्तदहःशेषमच्युतः ।
तां च रात्रिं नृपकुले वर्तयामास भारत ॥ ४४ ॥

